www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-71 सागवाड़ा,गुरुवार,24 नवम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि:(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1


## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

### 2 लाख 40 हजार का लगाया जुर्माना, डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट का फैसला

**सागवाडा।** डूंगरपुर जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है वही दोषी को 2 लाख 40 हजार रुपए के आर्थिक दंड से दण्डित भी किया है। 15 अगस्त 2021 को बिछीवाडा थानें में पीडिता के पिता ने मामला दर्ज करवाया था।

डूंगरपुर जिले के पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की मामला बिछीवाडा थाना क्षेत्र का है। उन्होंने बताया की बिछीवाडा थाना क्षेत्र निवासी एक पिता ने 15 अगस्त 2021 को थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था की 4 अगस्त को 2021 को उसकी नाबालिग बेटी स्कूल जाने के लिए निकली थी इस दौरान रामसागडा थाना क्षेत्र के माताजी फला जालुकुआ निवासी कल्पेश पुत्र कांतिलाल उसे रास्ते में मिला। इस दौरान चाकू की नोक पर उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। पीडिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान 26 अगस्त 2021 को पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब किया। इस दौरान पीडिता ने पुलिस को बताया की आरोपी कल्पेश ने अपने घर में उसे रखकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इधर पीडिता के बयान के बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज करते हुए आरोपी कल्पेश की तलाश की और उसे गिरफ्तार किया। वही पुलिस ने मामले में अनुसन्धान पूर्ण करते हुए डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया। इसी मामले में पोक्सो कोर्ट में आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी कल्पेश को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी कल्पेश को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई वही दोषी को 2 लाख 40 हजार रुपए के आर्थिक दंड से दण्डित भी किया है।

## सागवाडा अस्पताल के पालनाघर में मिला शिशु, इलाज के दौरान मौत

**सागवाड़ा।** दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में पालना घर में मंगलवार देर शाम शिशु मिला। पीएमओ डॉ. राजाराम मीणा ने बताया कि अस्पताल में स्थित पालना घर में मंगलवार शाम करीब नौ बजे शिशु मिला। बच्चा जीवित होने पर एनआईसीयू में भर्ती किया तथा डॉ. इस्माईल दामड़ी ने शिशु को देखा तथा ईलाज प्रारंभ किया। शिशु की बुधवार सुबह करीब छह बजे मौत हो गई। शिशु के मरने की सूचना पुलिस थाने में दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृत शिशु का पोस्टमार्टम करा अन्तिम संस्कार के लिए नगरपालिका कर्मियों को सौंप दिया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र अधिकारी ने बताया कि शिशु करीब 28 सप्ताह का था। जिसका वजन एक किलो 300 ग्राम था। जब शिशु का भर्ती किया गया तब उसकी हालत चिन्ताजनक थी। शिशु का सातवें माह में जन्म हुआ था। जिसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## अश्लील वीडियो बनाकर बुजुर्ग से ठगे 2.80 लाख

### आरोपियों ने लड़की बनकर किया था वीडियो कॉल, पूछताछ में कबूली ठगी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के साइबर थाना में वीडियो कॉल पर अश्लील वीडियो बनाकर ठगी का मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों ने पीड़ित से 2 लाख 80 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने मामले में जांच की और 2 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी की वारदात कबूल कर ली है।एसआई राजेश कटारा ने बताया कि।

1 साल के एक बुजुर्ग ने रिपोर्ट दी। बुजुर्ग ने बताया कि 19 अक्टूबर को उनके पास एक मैसेज आया, जिस पर उसने रिप्लाई किया तो ठग लड़की बनकर उसके साथ बातचीत करने लगा। इस दौरान बातें करते हुए उसे वीडियो कॉल किया और उसके अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद इन वीडियो को वायरल करने के नाम पर धमकाते हुए रुपयों की डिमांड की। बदनामी के डर से उसने 2 लाख 80 हजार रुपए उनके खाते में डाल दिए। एसआई ने बताया कि पुलिस ने बुजुर्ग की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कुंदन (20) पुत्र राजाराम मेघवाल और कुलदीप (19) पुत्र जुगल किशोर शर्मा निवासी छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़) को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बुजुर्ग से ठगी करना कबूल कर लिया है।

## संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

### राजस्थान कांट्रेक्चयुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 में संशोधन की रखी मांग

**डूंगरपुर।** जिले में संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा की ओर से कलेक्ट्रेट पर राजस्थान कांट्रेक्चयुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 में रही खामियों को दूर करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मोर्चा ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मोर्चा ने रूल्स में संशोधन करते हुए संविदा कर्मियों के पूर्व कार्य अनुभव को जोड़कर समकक्ष नियमित पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की मांग की है। डूंगरपुर जिले में संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बेनर तले विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदाकर्मी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। वही सरकार की ओर से संविदा कर्मियो के लिए बनाये गए राजस्थान कांट्रेक्चयुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 में कमी को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर संविदाकर्मियो ने बताया की कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में संविदाकर्मियों को नियमित करने की घोषणा की थी। इधर घोषणा पर अमल नहीं करने पर संविदाकर्मियों द्वारा समय-समय पर प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन तक किये गये। इधर हाल ही में 21 अक्टूबर 2022 को सरकार ने संविदाकर्मियों को नियमित करने के नाम पर बिना नियमित पद सृजित किये ही राजस्थान कांट्रेक्चयुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 लागू कर दिया। वही इस रूल्स में पूर्व में लगे संविदा कर्मियों के अनुभव की गणना शून्य से प्रारंभ मानी गई है। इसके अलावा भी कई खामिया रखी गई है।

उन्होंने बताया की इस नियम से कई सालो से कार्यरत संविदाकर्मियों का भविष्य अन्धकारमय हो गया है। ऐसे में मोर्चा अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देकर राजस्थान कांट्रेक्चयुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 में रही खामियों को दूर करने की मांग की है।

## परसादी ने केन्द्र की मेडिकल हेल्थ स्कीम को बताया फेल

**जयपुर।** राजस्थान के हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल मीणा ने आज केन्द्र की मेडिकल हेल्थ पॉलिसी आयुष्मान भारत पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र की इस योजना से आज देशभर के अटैच हॉस्पिटलों ने खुद को अलग कर लिया है। उनके खुद के राज्य गुजरात हो या कोई दूसरा राज्य में वहां मरीजों को इस योजना की सुविधाएं नहीं मिल रही है। जयपुर में सांगानेरी गेट महिला हॉस्पिटल में बने नए इनटेंसिव केयर यूनिट (ICU) और लेबर रूम के लोकार्पण समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि राजस्थान में जो मेडिकल सुविधाएं वर्तमान में मिल रही है वह देश में एक मॉडल स्टेट के रूप में है।

## चोरों ने पादरा, ठाकरड़ा और बिजावाड़ा में सुने मकानों को बनाया निशाना

**सागवाड़ा।** निकटवर्ती पादरा, ठाकरड़ा एवं बीजावाड़ा में चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए मंगलवार रात में करीब एक दर्जन स्थानों पर घर एवं दुकान के ताले तोड़ दिए।चोरों ने पादरा में राजेश पुत्र मोहन टेलर, दीपक पुत्र कृष्णलाल जोशी, राहुल पुत्र यशवंत जैन तथा रमेश पुत्र रतनजी पाटीदार, ठाकरड़ा में भूपेश पुत्र शंकरलाल कलाल, गट्टू पुत्र प्रेमजी वनोत, हकरजी पुत्र जीवा पाटीदार तथा बीजावाड़ा में लालशंकर पुत्र रूपजी पाटीदार, धुलजी पुत्र हुका पाटीदार, देवीलाल पुत्र कचराजी पाटीदार तथा लालशंकर पुत्र कचरू पाटीदार के यहां पर चोरी की है। पादरा, ठाकरड़ा एवं बिजवाड़ा में बीती रात चोरों का हल्ला बोल रहा जहां एक ही रात में चोरों ने कई मकानों एवं एक गोदाम का ताला ताला तोड़ा। पादरा में चोरों को कुछ ज्यादा हाथ नहीं लगा पर पादरा के गरगेड़ी मोहल्ले में प्रजापत के सूने मकान में ताला तोड़कर सामान बिखेर दिया।

प्रजापत परिवार अहमदाबाद गया हुआ है। इस मकान में चोरों बड़ी चोरी की है। जानकारी अनुसार पादरा में बीती अलग-अलग जगह पर चार मकानों एवं एक गोदाम के ताले तोड़े जिसमें प्रजापत परिवार के एक एक सुने मकान में जमकर आतंक मचाया। पुलिस ने पादरा से सीसीटीवी फुटेज भी लिए हैं। पुलिस जांच में जुट गई है।


MANSAROVAR

सागवाड़ा की पहली
लेक फेसिंग कॉलोनी

मानसरोवर

PUNARWAS COLONY, SAGWARA

पुनर्वास कॉलोनी के मध्य में आवासीय कॉलोनी (भू-खण्ड)
का भव्य शुभारम्भ

25 नवम्बर 2022 शुक्रवार प्रात: 9 बजे से..
आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है

डी. ब्लॉक, पुनर्वास कॉलोनी, सागवाड़ा



30 फीट चौड़ी सी.सी.रोड़ / ड्रेनेज सिस्टम / प्लान्टेशन / गार्डन / सेक्युरिटी

मात्र 200 मीटर की दूरी पर
डूंगरपुर-बांसवाड़ा मुख्य मार्ग, पुलिस स्टेशन, हॉस्पीटल, मन्दिर, स्कूल, कॉलेज, दुरदर्शन केन्द्र

निवेदक
आदिश दिनेश खोड़निया
पूर्वक अशोक जैन
सागवाड़ा

9610448811



प्रायोजित परिशिष्ट

## ठंड में छोटी सी गलती बन सकती है हार्ट अटैक का कारण

हार्ट अटैक की समस्या में सीने में दर्द के अलावा शरीर के ऊपरी हिस्सों जैसे जबड़े, पेट, हाथ, गर्दन या पीठ में भी परेशानी का अनुभव हो सकता है, यदि समय रहते इनके लक्षणों की पहचान कर ली जाए तो न सिर्फ हृदय रोगों, बल्कि इसके कारण होने वाले मौत के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है

- सर्दी के मौसम में हमारे खून की नसें सिकुड़ने की वजह से दबाव बढ़ जाता है और ब्लड प्रेशर भी बढ़ने लगता है. बीपी बढ़ते ही हार्ट अटैक के मामले सामने आने लगते हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक, सर्दी में लोगों के शरीर में खून के थक्के बनने लगते हैं जिसकी वजह से हार्ट अटैक आने की संभावना भी बढ़ जाती है

**ज़ील में एंजियोप्लास्टी कर 78 वर्षीय महिला को बचाया गया**

पिंडावल निवासी 78 वर्षीय महिला के सीने में रात को अचानक दर्द शुरू हो गया। उन्हें साँस लेने में भी तक़लीफ थी। उसी अवस्था में परिजन उन्हें ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा ले के आए जहाँ ICU में भर्ती कराया गया। महिला की हार्ट संबंधी जाँच की गई। एंजियोग्राफी की तो पता चला कि उसे हार्ट की प्रॉब्लम है। दूसरे दिन तत्कालम हिला की एंजियोप्लास्टी की गई और एक स्टेंट डाला गया। महिला अब पूरी तरह स्वस्थ

**चेस्ट पेन से परेशान 71 वर्षीय महिला को ज़ील में मिली राहत**

हार्ट अटैक एक घातक स्थिति है जिसमें थक्का जमने के कारण हृदय को रक्त की आपूर्ति अचानक बंद हो जाती है। पाण्डव निवासी 71 वर्षीय लिली के हार्ट में पेन और साँस लेने की तक़लीफ हो रही थी। 50 साल की उम्र के बाद यह स्थिति बहुत आम है। उन्हें परिजन तत्काल ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा लाए। महिला के एंजियोप्लास्टी की तो पता चला कि उनके एक ब्लाक है तत्काल एंजियोग्राफी कर महिला को राहत दी गई

**समय पर ज़ील पहुँचे तो 51 वर्षीय महिला को हार्ट अटैक के जोखिम से बचाया**

ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा में पिछले दिनों एक ऐसा ही मामला सामने आया जब एक 51 वर्षीय महिला को चेस्ट पेन होने के साथ ही साँस लेने में तक़लीफ हो रही थी। महिला को समय पर ज़ील अस्पताल लाने से समय पर जाँच हुई और महिला का उपचार शुरू हो गया जिससे उसे हार्ट अटैक के जोखिम से उसे बचाया जा सका बिना एंजियोप्लास्टी के ही महिला स्वस्थ है।

**डाक्टर की सलाह**

**इन टेस्ट से रखें हार्ट अटैक को दूर**

- ब्लड प्रेशर जांच
- ब्लड शुगर की जांच
- ऑक्सीजन लेवल
- ईसीजी
- ब्लड हार्ट अटैक मार्कर्स
- ईको
- TMT
- 2-डी ईकोकार्डियोग्राफी (इमर्जेंसी में)

**हार्ट प्रॉब्लम की शुरुआती चेतावनी**

ज़ील अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास पुरोहित बताते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण, सीने में दर्द से लेकर सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी महसूस होने तक हो सकते हैं। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि छाती में बाईं ओर का दर्द हृदय रोग से संबंधित है, हालांकि शरीर में कई अन्य हिस्सों में होने वाला दर्द भी हार्ट अटैक की समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। जबड़े से लेकर नाभि तक में कोई भी दर्द हृदय से संबंधित हो सकता है।



डॉ. विकास पुरोहित

ज़ील हॉस्पिटल में परामर्श, जांचे और ऑपरेशन "RGHS" योजना में नि:शुल्क किए जा रहें।
सरकार की चिरंजीवी योजना में ऑपरेशन की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है।

ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे: 9351230476

ईमरजेंसी नम्बर 9462996299
treatment@zeelhospital.com